अगली समीक्षा में प्रगति नहीं, तो होगी कार्रवाई

- समीक्षा बैठक में सीईओ का सख्त रुख
- गुणवत्ता और समयसीमा से समझौता नहीं

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम, 1जुलाई.जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन ने विभागीय समीक्षा बैठक में निर्माण एवं विकास कार्यों की धीमी रफ्तार पर कड़ा रुख अपनाते हुए अधिकारियों की जमकर क्लास लगाई.

कई विभागों की खराब प्रगति पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने दो टूक कहा कि विकास कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही, ढिलाई या अनावश्यक देरी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी. लंबित कार्यों को तय समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करना हर हाल में सुनिश्चित किया जाए.

समीक्षा के दौरान कई विभाग संतोषजनक प्रगति का ब्यौरा प्रस्तुत नहीं कर सके. इस पर सीईओ ने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक विभाग नियमित मॉनिटरिंग करे, कार्यों की अद्यतन जानकारी समय पर उपलब्ध कराए और जवाबदेही के साथ काम करे. बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि प्रत्येक माह के प्रथम बुधवार एवं प्रथम गुरुवार को होने वाली समीक्षा बैठकों के लिए सभी विभाग एक दिन पहले अपना अद्यतन पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन जिला पंचायत की समन्वय शाखा में अनिवार्य रूप से जमा करें. साथ ही अधिकारी पूरी तैयारी के साथ समय पर बैठक में उपस्थित रहें.

> सीईओ हिमांशु जैन ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न करने के निर्देश देते हुए कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का लाभ समय पर आमजन तक पहुंचना चाहिए. उन्होंने चेतावनी दी कि आगामी समीक्षा बैठकों में यदि प्रगति संतोषजनक नहीं मिली तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी. बैठक में जिला परियोजना अधिकारी योगेन्द्र राय ने एजेंडे के अनुसार विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की जानकारी प्रस्तुत की.

जनपद अध्यक्ष को पालतू कुत्ते ने काटा

- मॉर्निंग वॉक पर निकले थे जपनद अध्यक्ष
- कुत्ते मालिक पर दर्ज कराई एफआईआर

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम, 1 जुलाई. बुधवार को जनपद पंचायत अध्यक्ष और बीजेपी नेता भूपेंद्र चौकसे को मॉर्निंग वॉक के दौरान एक पालतू कुत्ते ने काट लिया. घटना कुलामढ़ी रोड स्थित मंगलमय विलास कॉलोनी में सुबह करीब 7:30 बजे हुई.

घटना के बाद चौकसे ने देहात थाने में कुत्ते के मालिक गणेश मिश्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है.

जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे ने बताया कि वे कॉलोनी के गेट के पास टहल रहे थे. पालतू कुत्ते के मालिक स्कूटी से घूम रहे थे और उनके पीछे कुत्ता चल रहा था साथ में दो कुत्ते और थे. जिनमें से एक कुत्ता अचानक उनकी ओर झपटा. बचने के लिए मैंने पीछे हटने और दौड़ने की कोशिश की, लेकिन कुत्ते ने उनके पैर में काट लिया. इस दौरान चौकीदार चिल्लाया भी. लेकिन तब तक कुत्ते ने मेरे पैर में दांत गड़ा दिए थे. उनका आरोप हैं कि कुत्ते का मालिक उसे बिना बांधे खुला छोड़ देता है.उनका कहना है कि यह कुत्ता पहले भी कॉलोनी की तीन-चार महिलाओं समेत 4-5 अन्य लोगों को काट चुका है, लेकिन किसी ने इसकी शिकायत पुलिस से नहीं की थी.

उन्होंने कहा कि खुले में घूमने के कारण यह कुत्ता कॉलोनी के लोगों के लिए खतरा बन गया है. भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसलिए उन्होंने पुलिस और सिटी मजिस्ट्रेट से शिकायत की है.

तारामंडल और धूप घड़ी की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान हुआ तेज

नवभारत न्यूज

नर्मदापुरम, 1जून. नर्मदा लोक कॉरिडोर को पर्यटन और रोजगार का बड़ा केंद्र बनाने की मांग जोर पकड़ने लगी है. शहर में विज्ञान पार्क, आधुनिक तारामंडल और पारंपरिक धूप घड़ी को कॉरिडोर में शामिल करने की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान तेज हो गया है.

सेवानिवृत्त टेलीफोन विभाग कर्मचारी अशोक कुमार पाठक ने इस संबंध में एक विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर जनप्रतिनिधियों और प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है. ज्ञापन में मांग की गई है कि नर्मदा लोक कॉरिडोर में आधुनिक विज्ञान पार्क, अत्याधुनिक तारामंडल तथा पारंपरिक धूप घड़ी जैसी संरचनाओं को शामिल किया जाए, जिससे यह क्षेत्र शिक्षा, विज्ञान और पर्यटन का प्रमुख केंद्र बन सके.

अशोक पाठक ने बताया कि विभिन्न राज्यों के भ्रमण के दौरान यह अनुभव हुआ कि यदि नर्मदा लोक कॉरिडोर को आधुनिक विज्ञान और सांस्कृतिक धरोहरों के साथ विकसित किया जाए तो यह युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करने के साथ-साथ पर्यटन को भी बढ़ावा देगा.उन्होंने मुख्यमंत्री को कलेक्टर के माध्यम से, सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा तथा नगर पालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव को भी ज्ञापन भेजा है.समाजसेवी के. एन. त्रिपाठी ने बताया कि इस प्रस्ताव को लेकर आम नागरिकों में सकारात्मक समर्थन मिल रहा है.

हरिद्वार-ऋषिकेश यात्रा के लिए आवेदन आमंत्रित

नर्मदापुरम. मप्र शासन की मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के अंतर्गत जिले के वरिष्ठ नागरिकों को हरिद्वार-ऋषिकेश की तीर्थयात्रा कराई जाएगी. यह यात्रा 19 जुलाई से 22 जुलाई तक आयोजित की जाएगी. उप संचालक, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, नर्मदापुरम (नोडल अधिकारी तीर्थयात्रा) डॉ. बबीता राठौर ने बताया कि धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग, वल्लभ भवन भोपाल के निर्देशानुसार जिले को इस यात्रा के लिए 196 तीर्थयात्रियों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है. इस योजना के तहत चयनित बुजुर्ग यात्रियों को हरिद्वार एवं ऋषिकेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन कराए जाएंगे.

भाजपा सहयोग सेल में सांसद और विधायक ने सुनीं समस्याएं

सांसद माया नारोलिया ने कार्यकर्ताओं की सुनीं समस्याएं

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम, 1 जुलाई. भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार भाजपा जिला कार्यालय में सोमवार से शुक्रवार तक आयोजित होने वाले सहयोग सेल के अंतर्गत बुधवार को जनसुनवाई आयोजित की गई.

राज्यसभा सांसद माया नारोलिया एवं सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने आमजन एवं कार्यकर्ताओं से भेंट कर उनकी समस्याएं सुनी एवं कार्यकर्ताओं से संवाद किया.सहयोग सेल में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों और कार्यकर्ताओं ने अपनी समस्याएं एवं सुझाव रखे, जिनके निराकरण के लिए संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर समाधान की दिशा में आवश्यक पहल की गई.

इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री कुंवर सिंह यादव, जिला कार्यालय मंत्री प्रशांत दीक्षित, सह कार्यालय मंत्री वंदना दुबे, जिला मीडिया प्रभारी अमित माहाला, नंदू यादव, राहुल ठाकुर, मंडल अध्यक्ष रूपेश राजपूत, अजा मोर्चा जिला अध्यक्ष दिनेश चौधरी, सुंदरम अग्रवाल, सुमित गौर, दुर्गेश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं आम नागरिक उपस्थित रहे.

> राज्यसभा सांसद माया नारोलिया एवं विधायक विजयपाल सिंह ने कहा कि भाजपा संगठन सदैव कार्यकर्ताओं और आमजन के साथ खड़ा है. सहयोग सेल का उद्देश्य जनता की समस्याओं को सुनकर उनका उचित समाधान सुनिश्चित करना है. कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला कार्यालय में पहुंची भजन मंडली सदस्यों को भजन सामग्री का वितरण भी किया गया.

एक नजर में

डॉक्टर्स डे पर चिकित्सकों का हुआ सम्मान

नर्मदापुरम. राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे के अवसर पर बुधवार को जिला अस्पताल में चिकित्सकों का सम्मान किया गया. ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय संस्था की ओर से आयोजित कार्यक्रम में डॉक्टरों के स्वास्थ्य सेवाओं में दिए जा रहे योगदान की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया. कार्यक्रम का आयोजन जिला अस्पताल के सिविल सर्जन कार्यालय में किया गया. इस दौरान ब्रह्मकुमारी संस्था के प्रतिनिधियों ने चिकित्सकों का सम्मान कर उनके समर्पण, सेवा भावना और मरीजों के प्रति उनके योगदान की प्रशंसा की.

डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ की त्रैमासिक बैठक

नर्मदापुरम. सेवानिवृत्त डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ, मध्यप्रदेश, भोपाल की प्रांतीय कार्यकारिणी की द्वितीय त्रैमासिक बैठक बुधवार को हैप्पी मैरिज गार्डन, नर्मदापुरम् में आयोजित की गई. क्षेत्रीय अध्यक्ष एस के बरेले ने बताया कि इस बैठक में स्थानीय इकाई नर्मदपुरम, बैतूल और हरदा के संघ प्रांतीय पदाधिकारी, प्रतिनिधि तथा सदस्य शामिल हुए. बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, सदस्यों के हितों तथा आगामी कार्यक्रमों सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया.

ओवर लोड ट्रेक्टर ट्रालियो से हो रही दुर्घटना

पिपरिया. शहर में ओवर लोड ट्रेक्टर ट्रालियो के कारण कई दुर्घटनाये हो चुकी है परंतु कुछ समय चालानी कार्रवाही कर प्रशासनिक अधिकारी व यातायात पुलिस द्वारा खानापूर्ति की जा रही है. ओवर लोड प्रारंभ होने वाले क्षेत्रो पर ही रोक लगाई जावे तो दुर्घटनाओ पर अंकुश लगेगा. ओवर लोड ट्रेक्टर ट्राली कृषि उपज मंडी से भराना शुरू होती है जो दाल मिलो व वेयर हाउसो तक आती जाती है. ओवर लोड ट्रेक्टर ट्रालियो के कारण मुख्य मार्गो पर कई बार दुर्घटनाये भी हो चुकी है.

जनसुनवाई में 19 आवेदन हुए निराकृत

नवभारत न्यूज़

पिपरिया, 1 जुलाई. जनसुनवाई में 19 आवेदन आये. आवेदन को एसडीएम ने संबंधित विभागो में भेज निराकरण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने निर्देश दिये. जनसुनवाई में शीला अहिरवार ठेगावानी ने स्वयं की स्वामित्व की जमीन पर रामप्रसाद,लक्ष्मण व अन्य पांच द्वारा कब्जा करने की शिकायत की.

वहीं रमेश कुमार कतिया इंदिरागांधी वार्ड में खसरा 44/7 पर कब्जा करने का आवेदन दिया. रमेश कुमार कतिया ठूंठा दहलवाडा ने पुत्री द्वारा राशि करने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया,आकांक्षा शर्मा बीजनवाडा बनवारी रोड पर गुरूतेगबहादुर स्कूल के सामने सीसी रोड निर्माण की मांग उठाई,अर्चना पटेल गलचा ने कृषि भूमि विद्युत कनेक्शन को लेकर शिकायत की,यशवंत द्वारा निर्वाचन शाखा से भुगतान नही होने को लेकर आवेदन दिया,बिहारीदास पुनौर ने फार्मर आईडी नही बनने,राजकुमार व अन्य 7 द्वारा हथवांस की कालोनी में नाली निर्माण करवाने हेतु, उत्तम कुमार नयाखेडा ने चिल्लौद में डायवर्सन को लेकर, मुंशी प्रसाद इंदिरागांधी वार्ड ने एफडी की राशि को लेकर,रामकिशन बम्होरीकला ने खैरीकला में जमीन का सीमांकन कराने,रूपसिंह गौर ने 1995 की वैध रजिस्ट्रर्ड रजिस्ट्री अनुसार मालिकाना हक दिलाने,हरीदास मरकडाना ने खसरा 22/2 खेत में जाने के लिये रास्ता हेतु,राजकुमार लोहिया वार्ड ने राजेश की शासकीय भूमि मेड से पुराना रास्ता खुलवाने,राजेश राय सहलवाडा ने अतिक्रमण हटाने,महंत पवनसुतदास पांडे ने देवरामजानकी मंदिर पिपरिया लोकन्यास को शासकीय अभिरक्षा में लिये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये. एसडीएम आकिप खान ने उक्त आवेदनो को संबंधित अधिकारियों को भेज प्रतिवेदन प्रस्तुत करने निर्देश दिये. इस दौरान तहसीलदार वैभव बैरागी, नायब तहसीलदार मनोज नामदेव, नीरज बैस, सहायक आपूर्ति अधिकारी मनोज शुक्ला, निर्वाचन शाखा से अवधेश रघुवंशी, नगरपालिका से कमलेश रघुवंशी, जनपद से पंचायत इंस्पेक्टर रामलल्लू सिंह,मधु तिवारी, पीडब्लूडी से एसडीओ राहुल मंडलोई, एसडीएम कार्यालय से प्रीतमसिंह,विकास मिश्रा उपस्थित रहे.

साइबर जागरुकता रथ को एसपी ने दिखाई हरी झंडी

- यह रथ जिले भर में निरंतर करेगा भ्रमण

नवभारत न्यूज

नर्मदापुरम,1 जुलाई. जिले में साइबर अपराधों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत साइबर जागरूकता रथ का शुभारंभ किया गया.

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम साई कृष्णा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर से साइबर जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया. यह जागरूकता रथ जिले के सभी अनुभागों एवं थाना क्षेत्रों में भ्रमण कर नागरिकों को साइबर अपराधों के विभिन्न तरीकों तथा उनसे बचाव के उपायों की जानकारी देगा. अभियान के दौरान विशेष रूप से बुजुर्गों, विद्यार्थियों, व्यापारियों तथा ऑनलाइन एवं बैंकिंग लेन-देन करने वाले लोगों को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा. अभियान के तहत प्रत्येक थाना क्षेत्र में सार्वजनिक सभाओं, बाजारों, शैक्षणिक संस्थानों, बैंक शाखाओं एवं अन्य प्रमुख स्थानों पर साइबर सुरक्षा से जुड़े जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. पुलिस अधिकारियों द्वारा नागरिकों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी शेयरिंग, डिजिटल फ्रॉड और सोशल मीडिया से जुड़े साइबर अपराधों से बचने के उपाय बताए जाएंगे. पुलिस ने अपील की है कि किसी भी साइबर अपराध या संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी थाना, पुलिस कंट्रोल रूम अथवा राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन पर दें.

करोड़ो की लागत से बने महिला छात्रावास छाया सोशल मीडिया पर

- आरएनए ग्राउंड पर छात्रावास का निर्माण हुआ
- प्रबंधन द्वारा छात्रावास पर ध्यान न देने से जर्जर स्थिति में

नवभारत न्यूज़

पिपरिया, 1 जुलाई. शहीद भगतसिंह पीजी कालेज के महिला छात्रावास के निर्माण के बाद कालेज प्रबंधन द्वारा गंभीरता से ध्यान न देने के कारण कालेज का छात्रावास जर्जर होने व छात्राओं को लाभ नही मिलने को लेकर कालेज के विद्यार्थियों द्वारा सोशल मीडिया व ज्ञापन के माध्यम से आवाज उठाई.

शहीद भगतसिंह पीजी कालेज के द्वारा आरएनए ग्राउंड पर छात्रावास का निर्माण हुआ परंतु कालेज प्रबंधन द्वारा छात्रावास पर ध्यान न देने के कारण छात्रावास जर्जर स्थिति में आ गया. वही यह छात्रावास का प्रांगण अवैध कार्यो का अड्डा बन गया था. वही सरदार वार्ड आने जाने वाले नागरिको का आम रास्ता बन गया था जिस पर हमारे द्वारा प्रशासन का ध्यान दिलाया था जिसके पश्चात कालेज प्रबंधन द्वारा टीन लगाकर दरवाजे पर ताला लगाकर बमुश्किल बंद किया गया. ज्ञात हो कि 2023 में सांदीपनि शासकीय आरएनए उत्कृष्ठ विद्यालय ने कक्षाये लगाने के लिये भवन लिया परंतु उनके द्वारा कमरे छोटे होने के कारण उपयोग नही किया इतना जरूर है कि एक वर्ष एस्ट्रा क्लास लगाने के लिये कुछ समय हाल का उपयोग किया गया. अब इस छात्रावास में कुछ कमरो में सांदीपनि आरएनए उत्कृष्ठ विद्यालय का कुछ सामान पड़ा हुआ है.वही कमरो में पंलग व डेक्स की स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है. स्टूडेंट आर्गेनाईजेशन के वैभव शर्मा ने इस महिला छात्रावास को लेकर विद्यार्थियों के साथ आवाज उठाई है. शर्मा ने अधिकारी, कर्मचारी व जन प्रतिनिधियों से इस ओर ध्यान देने की मांग की है.

लागत और निर्माण का आंकलन

पहले 1 करोड 10 लाख की स्वीकृति मिली थी बाद में संसोधित होकर 1 करोड 47 लाख की मंजूरी हुई।निर्माण 2015-16 से शुरू हुआ 23 अप्रेल 2018 को कालेज प्रबंधन ने भवन का हेंडओवर ले लिया. 930.95 वर्ग मीटर में शासन की योजना अनुसार बहुत अच्छे ढंग से 26 कमरे,1 हाल,मैस,किचन व आफीस बनाये गये जिसमें फर्नीचर में भी लाखो रूपये खर्च किया परंतु इस छात्रावास का उपयोग महिला छात्रावास के रूप में आज तक नही हो पाया.ज्ञात हो कि 2023 में सांदीपनि शासकीय आरएनए उत्कृष्ठ विद्यालय ने कक्षाये लगाने के लिये भवन लिया.

बीएमओ डॉ .ऋचा कटकवार का स्थानांतरण, दी विदाई

नवभारत न्यूज

पिपरिया , 1जुलाई. बीएमओ डॉ.ऋचा कटकवार का भोपाल स्थानांतरण होने पर संचार संस्था द्वारा स्वागत सम्मान कर विदाई दी. बीएमओ डॉ. ऋचा कटकवार पिपरिया में लंबे समय तक पदस्थ रही लगभग सवाचार साल सेवा देने के बाद भोपाल स्थानांतरण हुआ.

संचार संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जिला सतर्कता समिति भारत सरकार के पूर्व सदस्य अरविंद राय, किरण गोपाल राज, ज्ञानी मनजिनदरसिंह सनहोत्रा,ईश्वरसिंह राठौर अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. इस अवसर पर पूर्व दिशा निगरानी समिति के सदस्य अरविंद राय ने बीएमओ डॉ. ऋचा कटकवार के कार्यकाल की सराहना करते हुए आगे भी इसी प्रकार सेवाभावना से कार्य करने की अपेक्षा जताई. ज्ञानी मनजिनदरसिह ने कहा कि बीएमओ डॉ. ऋचा कटकवार हमारी संस्था द्वारा लगाये जाने वाले केम्पो में हमेशा सहयोग करती रही है.आपकी सेवा भावना की सराहना की,वृक्षमित्र संस्था के संस्थापक गोपाल राज,ईश्वरसिंह राठौर ने अपनी बात रखी.

शुभारंभ तौल कांटों का पूजन कर हुआ समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी का श्री गणेश

किसानों के बीच पहुंच कलेक्टर ने उठाई मूंग की बोरी

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम, 1जुलाई.जिले में समर्थन मूल्य पर मूंग उपार्जन का विधिवत शुभारंभ बुधवार को इटारसी स्थित नीलम वेयरहाउस से किया गया. कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने पूजा-अर्चना के साथ खरीदी प्रक्रिया का शुभारंभ किया तथा किसानों के साथ तौल कांटों का पूजन कर स्वयं बोरी उठाकर तौल कांटे पर रखी और उपार्जन की औपचारिक शुरुआत की.

शुभारंभ के उपरांत कलेक्टर ने उपार्जन केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया. उन्होंने किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीदी प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, व्यवस्थित एवं किसान हितैषी तरीके से संचालित की जाए. उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसानों को पंजीयन, तौल, परिवहन, भुगतान अथवा अन्य किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा प्रत्येक समस्या का मौके पर ही त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए.

कलेक्टर ने बताया कि जिले में चरणबद्ध तरीके से सभी मूंग उपार्जन केंद्र प्रारंभ किए जा रहे हैं. वर्तमान में कुछ केंद्रों पर खरीदी शुरू हो चुकी है तथा गुरुवार शाम तक जिले के सभी उपार्जन केंद्र पूर्ण क्षमता के साथ संचालित होने लगेंगे. उन्होंने बताया कि उपार्जन केंद्रों पर भंडारण की पर्याप्त व्यवस्था की गई है. जिन गोदामों में पर्याप्त स्थान उपलब्ध है, वहीं खरीदी कराई जा रही है.

> कलेक्टर ने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य किसानों को सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध उपार्जन व्यवस्था उपलब्ध कराना है. निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने तौल व्यवस्था, गुणवत्ता परीक्षण, भंडारण सहित अन्य व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया. किसानों ने भी प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि इस वर्ष खरीदी प्रक्रिया सुचारु एवं बिना किसी परेशानी के संपन्न होगी.